# राजस्थान वरिष्ठ नागरिक अनुकूल राज्य बनेगा

## चर्चा में क्यों?

[मुख्यमंत्री ]भजन लाल शर्मा ने [अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस ]**(1 अक्तूबर)** पर अपने संबोधन में राजस्थान को **"वरिष्ठ नागरिक-अनुकूल राज्य"** बनाने के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

## मुख्य बिंदु

### राजस्थान सरकार की पहल:

- **योगदान का सम्मान:**
  - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिये विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रम संचालित हैं। 1 अक्तूबर को **वरिष्ठ नागरिक के कल्याण में योगदान देने वाले** व्यक्तियों एवं संस्थाओं को ज़िला स्तर पर सम्मानित किया गया।
    - राजस्थान में वर्तमान में **63 वृद्धाश्रम संचालित हैं**, जो निराश्रित नागरिकों को भोजन, स्वास्थ्य सेवा और आश्रय प्रदान करते हैं।
    - **श्रवण कुमार कल्याण आश्रम जैसी सुविधाएँ** वरिष्ठ नागरिकों को चिकित्सा सहायता, वयस्क शिक्षा, धार्मिक गतिविधियाँ और मनोरंजन उपलब्ध कराती हैं।
- **समावेशी कल्याण परियोजनाएँ:**
  - सभी नई कल्याण और अवसंरचना (infrastructure) परियोजनाओं में वरिष्ठ नागरिकों के लिये विशेष प्रावधान शामिल किये जाएंगे।
- **आवास योजनाएँ:**
  - नई आवासीय परियोजनाओं में **रैंप, सहायक सीढ़ियाँ, पार्क और चिकित्सा सुविधाएँ** शामिल होंगी ताकि वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।
- [**माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम, 2007:**]
  - इस अधिनियम (Act) को सख्ती से लागू किया जा रहा है और वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिये **उपखंड तथा ज़िला स्तर पर** [**न्यायाधिकरण (tribunals)** ]स्थापित किये गए हैं।

## अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस (International Day of Older Persons):

- यह दिवस वरिष्ठ नागरिकों द्वारा किये गए योगदान को मान्यता देने और **समावेशी तथा वरिष्ठ नागरिक-अनुकूल समाज** की आवश्यकता को बढ़ावा देने के लिये मनाया जाता है।
  - इसे [संयुक्त राष्ट्र महासभा ]ने 14 अक्तूबर, 1990 को नामित किया था। यह **वृद्धावस्था पर वियना अंतरराष्ट्रीय कार्य योजना (1982)** और **वृद्ध व्यक्तियों के लिये संयुक्त राष्ट्र सिद्धांतों** पर आधारित है।
- **विषय:**
  - **वर्ष** 2025 का विषय, **"स्थानीय और वैश्विक कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए वरिष्ठ नागरिक: हमारी आकांक्षाएँ, हमारा कल्याण तथा हमारे अधिकार"** है।
  - यह विषय **लचीले (resilient) और समानतापूर्ण (equitable) समाज** के निर्माण में वरिष्ठ नागरिकों की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डालता है।
- **प्रतिबद्धताएँ एवं वैश्विक ढाँचा:**
  - यह पहल संयुक्त राष्ट्र का **स्वस्थ आयु दशक (2021-2030)** अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण पर सतत् विकास लक्ष्य 3 के अनुरूप है।
- भारत ने[ राष्ट्रीय वृद्धजन नीति (National Policy on Older Persons — NPOP), 1999] तैयार की।
- भारत **मैड्रिड अंतरराष्ट्रीय वृद्धावस्था कार्य योजना ( 2002)** का हस्ताक्षरकर्त्ता है।
- दिसंबर 2023 तक भारत में **15.3 करोड़ वरिष्ठ नागरिक (60 वर्ष और उससे ऊपर)** थे।
- अनुमान है कि वर्ष 2050 तक यह संख्या बढ़कर **34.7 करोड़** हो जाएगी, जो कुल जनसंख्या का लगभग **20.8%** होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-to-make-state-elderly-friendly